# FIROZABAD POLICE

आपकी सेवा में सदैव तत्पर

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## ➢ थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना करने वाले एक अभियुक्त जगदीश वर्मा उर्फ जग्गा को लूट के 25000 रुपये, अवैध असलाह एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामदगी सहित गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के निकट पर्यवेक्षण में थाना टूण्डला पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 शातिर अभियुक्त 1. जगदीश वर्मा उर्फ जग्गा पुत्र रामनाथ निवासी छोटा सुरैरा थाना एत्मादपुर जनपद आगरा को दिनांक 06.07.2024 को तहसील के पीछे प्रतापपुरा रोड पर पेड की नीचे टूण्डला से गिरफ्तार किया गया तथा अभि0 के बयान के आधार व अभि0 की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल स्पेलन्डर , एक अदद तमंचा नाजायाज 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस व लूटे गये 25000 रुपये बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है।

## घटना का संक्षिप्त विवरण ----

दिनांक 06.07.2024 को वादी असद पुत्र गौहर निवासी टांगा स्टैण्ड थाना ताजगंज जिला आगरा द्वारा सूचना दी कि आज दिनांक 05.07.2024 को मैं ऑटो में बैठकर एत्मादपुर से टूण्डला जा रहा था तो एफएच मेडीकल कालेज के पुल से आगे एक काले रंग की स्पलैण्डर मोटरसाइकिल जिस पर नम्बर प्लैट नही थी पर तीन अज्ञात लोग आये और ऑटो के सामने मोटरसाइकिल लगाकर मुझे जबरदस्ती ऑटो से उतारकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और थोड़ी दूर चलकर बाँयी और जाने वाली सड़क पर करीब 200 मीटर आगे लेकर गये और मोटरसाइकिल रोककर मेरे साथ मारपीट की और तमंचा दिखाकर मेरी जेब में रखे 42000/- रुपये व एक मोबाइल रियल मी 8 जिसमें सिम न0- 7409359749 डला था लूट लिया वादी की तहरीर पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 423/2024 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया था ।

उपरोक्त घटना के अनावरण हेतु दिनांक 06.07.2024 को थाना टूण्डला पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभि0 जगदीश वर्मा उर्फ जग्गा पुत्र रामनाथ निवासी छोटा सुरैरा थाना एत्मादपुर जनपद आगरा उम्र करीब 26 वर्ष को तहसील के पीछे प्रतापपुरा रोड पर पेड की नीचे टूण्डला से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार का दिनांक व समय व स्थान ----** दिनांक 06.07.2024 समय 20.55 बजे स्थान तहसील के पीछे प्रतापपुरा रोड पर पेड की नीचे टूण्डला जिला फिरोजाबाद।

## विवरण पूछताछ –

गिरफ्तार अभियुक्त जगदीश वर्मा उर्फ जग्गा पुत्र रामनाथ निवासी छोटा सुरैरा थाना एत्मादपुर जनपद आगरा ने पूछने पर बताया कि दिनांक 05.07.2024 को समय करीब 04 बजे शाम मैं व मेरे साथी आकाश पुत्र सोवरन सिंह निवासी गारापुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा व कुलदीप पुत्र राममोहन निवासी गारापुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा के साथ आकाश की मोटरसाइकिल हीरो स्पलैण्डर जिस पर नम्बर नही है से एत्मादपुर चौराहे पर आये थे ।

मैं व मेरे साथी ऐसे व्यक्ति की तलाश कर रहे थे जिसके पास काफी पैसा हो और उसे हम मौका पाकर लूट सके। मैं चौराहे पर मोटरसाइकिल से उतरकर ठेके पर बीयर लेने के लिए गया व ऐसे व्यक्ति की तलाश करने लगा जिसके पास पैसा हो या फिर उसने सोना पहना हो तो मैने देखा कि एक व्यक्ति ने ठेके पर बीयर लेने के लिए अपनी जेब से पैसे निकाले जिसके पास बहुत सारे 500-500 के नोट थे। मैने यह बात चौराहे पर खड़े अपने साथियो को उनके पास जाकर बतायी और कहा कि तुम लोग तैयार रहना मैं उसका पीछा करते हुए आऊँगा और मौका पाकर सुनसान जगह देखकर हम लोग उससे पैसे लूट लेंगे और मैं पुनः ठेके पर जाकर उस पर नजर रखने लगा। वह व्यक्ति ने ठेके से बीयर लेकर पी और वहाँ से फिरोजाबाद की ओर जाने वाले टैम्पू में बैठकर फिरोजाबाद की ओर जाने लगा। तब हम तीनो लोग भी आकाश की मोटरसाइकिल से उस टैम्पू के पीछे पीछे चलने लगे। बाइक को आकाश चला रहा था जैसे ही वह ओटो सुनसान जगह एफएच मेडीकल कालेज के पास पहुँचा तो हमने उस व्यक्ति से पैसे लूटने के लिए अपनी मोटरासाइकिल को उस टैम्पू के आगे लगा दिया और उस व्यक्ति को टैम्पू से उतारकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। उसके बाद मैं व मेरे साथी उस व्यक्ति को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर एफएच कालेज से आगे फिरोजाबाद की ओर चलकर गोरखनाथ ढाबे की बगल से बाँये हाथ पर जाने वाले रास्ते पर जाने लगे जैसे ही हम लोग हाइवे से थोड़ा चलकर और सुनसान सड़क का फायदा उठाकर हमने उस व्यक्ति को मोटरसाइकिल से उतारकर उससे उसकी जेब मे रखे पैसे माँगे। परन्तु उस व्यक्ति ने देने से मना कर दिया। इस पर हम लोगो को गुस्सा आ गया और मैने अपनी फैट से तमंचा निकालकर उस व्यक्ति को डराकर और मैने व मेरे साथियो ने उस व्यक्ति के साथ मारपीट कर जबरन उससे रुपये व उसका मोबाइल छीन लिया और उस व्यक्ति को वही छोड़कर हम तीनो लोग नगला महादेव की ओर अपनी मोटरसाइकिल से भाग आये और रास्ते में छतरई की ओर जाने वाले तिराहे पर बनी पुलिया के पास रुके और वहाँ खड़े होकर लूटे हुए पैसो को बाँटा तो मैने उनमे से 25000/- रुपये लिये और शेष पैसे 17000/- रुपये और मोबाइल उन दोनो को दे दिये थे।

## नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1-जगदीश वर्मा उर्फ जग्गा पुत्र रामनाथ निवासी छोटा सुरैरा थाना एत्मादपुर जनपद आगरा उम्र करीब 26 वर्ष

## नाम पता वांछित अभियुक्तगणः-

1. आकाश पुत्र सोवरन सिंह निवासी गारापुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।
2. कुलदीप पुत्र राममोहन निवासी गारापुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त जगदीश वर्मा -

1. 106/2024 धारा 392/411/120बी भादवि थाना एत्मादपुर जनपद आगरा
2. 423/2024 धारा 309(6) 317(2) बीएनएस व 03/25 आर्म्स एक्ट थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद

## बरामदगी-

1. घटना प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल स्पेलन्डर
2. एक अदद तमंचा नाजायाज 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस
3. लूटे गये 25000 रुपये

## गिरफ्तारी /बरामदगी करने वाली थाना टूण्डला पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अनुज कुमार 2.उ0नि0 विवेक सिंह 3.प्र0उ0नि0 मुकुल त्यागी 4.हे0का0 15 मोहन सिंह 5.का0 194 पुष्पेन्द्र सिंह